हिन्दी'–विभाग

प्रगति आख्या 2020'–2021

14 सितम्बर 2020 हिन्दी दिवस को एम ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा ऑनलाईन काव्य पाठ किया गया।

Mtv LIVE NEWS
14/09/2020
LIVE UPDATES
Mtv Live
For Advertisement
9761140893
9520651070
Web Portal News Channel & Hindi Newspaper

मेरठः- इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में हिन्दी दिवस पर ऑनलाइन काव्य पाठ का आयोजन

एमटीवीः- इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा सोमवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर ऑनलाइन काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने हिन्दी भाषा के महत्व, गरिमा तथा विशेषताओं की काव्यात्मक अभिव्यक्ति की। छात्राओं के अनुसार हिन्दी मात्र भाषा नहीं अपितु हमारे देश की शक्ति है, नव निर्माण की एक आशा है तथा एकता का आधार है। कार्यक्रम हिन्दी विभागाध्यक्षा डॉ. दीपा त्यागी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्राचार्या द्वारा सभी छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

Grow Up Your Business
Advertise:- 9520651070
with us...! 9761140893

21दिसम्बर 2020 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर आधारित ऑनलाईन क्विज

1फरवरी 2021 को डॉ बीना शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर एम एम एच कॉलिज गाजियाबाद द्वारा एक व्याख्यान दिया गया।

‘हिन्दी हैं हम’ के तहत ‘अमर उजाला’दैनिक समाचार पत्र एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्य तिथि 15/02/2021 पर काव्य पाठ।अमर उजाला द्वारा

प्रथम,द्वितीय,तृतीय,सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये।इसमें 16 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

my city # हम लोग

मंगलवार • 16.02.2021 अमर उजाला

अमृता ने जीती काव्य पाठ प्रतियोगिता

सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्यतिथि पर इस्माईल कॉलेज में हुआ आयोजन

20फरवरी 2021 को विभाग द्वारा मातृ भाषा दिवस का आयोजन किया गया।

3 मार्च 2021विभाग की छात्राओं द्वारा काव्य पाठ।

4मार्च 2021 को मेरठ नगर पालिका,द ग्रोईंग प्यूपिल एन जी ओ एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'मिषन शक्ति' कार्यक्रम का आयोजन।

स्कूली छात्राओं को दिखाई गई शिक्षाप्रद फिल्म

(आज का बुलेटिन)
अतुल माहेश्वरी

मेरठ। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज गुरुवार के दिन मेरठ नगर निगम ने सामाजिक संस्था द ग्रोइंग प्यूपिल के साथ मिलकर इस्माईल नेशनल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें छात्राओं को प्रेरित करती हुई शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम नगर निगम की अपर नगर आयुक्त श्रद्धा शांडिल्यायन मुख्य अथिति रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्या डॉक्टर हुमा मसूद ने की। कार्यक्रम की आयोजक अदिति चंद्रा तथा संयोजक डॉक्टर दीपा त्यागी रही। छात्राओं से संवाद करते हुए अपर नगर आयुक्त श्रद्धा शांडिल्यायन ने छात्राओं को समझाया कि अगर उन्हें कुछ भी अपने साथ गलत होता हुआ महसूस हो तो उसका खुलकर विरोध करना चाहिए साथ ही पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी के भी गलत व्यवहार को सहन करना उसको व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ग्रोइंग प्यूपिल की अध्यक्षा अदिति चन्द्रा ने कहा कि महिलाओं को स्वाभिमान और सम्मान के साथ रहने के लिए शिक्षित और आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉक्टर हुमा मसूद ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान से महिलाओं का मनोबल बढा है। कार्यक्रम में महिला थाने की एसआई रितु तथा एडवोकेट वैशाली त्यागी ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी भी दी। कार्यक्रम में ग्रोइंग प्यूपिल के महानगर अध्यक्ष प्रदीप कौशिक पूजा रावत, राखी शर्मा, ब्रजपाल और ज्योति आदि के साथ महाविद्यालय की अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

16मार्च2021को मद्य निषेध विभाग उत्तर प्रदेष,मेरठ क्षेत्र एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में **ड्रग** एब्यूज प्रिवेंषन विषयक निबंध प्रतियोगिता आयोजित।विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

18मार्च2021 को प्रतिवर्ष की भॉति निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी।विजेताओं को पूर्व प्राचार्या डॉ साधना सहाय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

1 अप्रैल 2021 को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।अतिथि वक्ता डॉ प्रज्ञा पाठक एसोसिएट प्रोफेसर एन ए एस कॉलिज मेरठ।श

डॉ. दीपा त्यागी

हिंदी विभागाध्यक्ष